# भिवाड़ी इंटीग्रेटेड विकास प्राधिकरण, भिवाड़ी

क्रमांक :– लेखा / निविदा / 2026–27 / 1513-21/26 दिनांक :– 01/07/2026

## ऑनलाईन निविदा सूचना संख्या 09 / 2026–27

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से भिवाडी इंटिग्रेटेड विकास प्राधिकरण, भिवाडी (बीडा) में एवं अन्य विभागों में E-xy-I, A व 'AA' श्रेणी में पंजीबद्व संवेदको से ही निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेब साईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है। समस्त कार्यो के लिए धरोहर राशि कार्य की अनुमानित लागत पर बीडा में पंजीबद्ध सक्षम संवेदक द्वारा 1/2 प्रतिशत राशि एवं अन्य विभागों में पंजीबद्व सक्षम संवेदक द्वारा 2 प्रतिशत राशि, निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग शुल्क पृथक–पृथक रूप में RTGS / NEFT भिवाडी इंटिग्रेटेड विकास प्राधिकरण, भिवाडी (बीड़ा) के नाम अपलोड करने की निर्धारित तिथि तक जमा करानी होगी।

| निविदा सं. – | ऑनलाईन निविदा विक्रय /डाउनलोड करने की तिथि | ऑनलाईन निविदा अपलोड की अन्तिम अवधि | ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 9 | 02.07.2026 को दोपहर 02:00 बजे से 08.07.2026 दोपहर 02:00 बजे तक | 08.07.2026 सांय 02:00 बजे तक | 08.07.2026 को सांय: 04:00 बजे |

| क. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाखो मे) | अमानत राशि | | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण करने की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 0.5% | 2% | | |
| 1 | अलवर बायपास पर नगर परिषद् की STP लाईन से पानी के लिए कनेक्शन करना। | 4.83 | 2415.00 | 9660.00 | 590.00 | 01 माह |
| 2 | बहरोड मे विभिन्न पार्को मे झूले एवं ओपन जिम लगाने का कार्य। | 17.50 | 8750.00 | 35000,00 | 590.00 | 03 माह |
| 3 | Operation and Maintenance of BIDA STP | 22.15 | 11075.00 | 44300.00 | 590.00 | वार्षिक अनुबंध |
| 4 | बीडा स्टेडियम भिवाडी में वॉकवे पर ग्रीन शेड का कार्य। | 30.00 | 15000.00 | 60000.00 | 590.00 | 03 माह |
| | | 74.48 | | | | |

**निविदा की समान्य शर्तेः–**

1 निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। संवेदक द्वारा निविदा प्रपत्र बीडा कार्यालय मे निविदा विक्रय तिथि की अवधि में किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक देखा जा सकता है।

2 **एम.डी.आर.आई.एस.एल.–प्रोसेसिंग शुल्क 50 लाख तक के कार्यो हेतु 590/– , 50 लाख से 1 करोड तक 1770/– , 1 करोड से 5 करोड तक 2360/– एवं 5 करोड से अधिक के कार्य हेतु 2950/– मय (जी.एस.टी.) प्रत्येक कार्य का पृथक–पृथक भुगतान RTGS / NEFT भिवाडी इंटिग्रेटेड विकास प्राधिकरण, भिवाडी (बीड़ा) के नाम कराना होगा।**

3 कार्य संख्या 1, 2 व 4 की दोष निवारण अवधि (Defect Liability Period) 5 वर्ष होगी।

4 यदि निविदादाता समय से परफॉरमैन्स गारन्टी जमा नही कराता है, अनुबन्ध के अनुसार कार्य नही करता है कार्य प्रारम्भ अथवा समय पर पूर्ण नही करता है तो PW F&AR IV Edition Part-II के Section VIII Standard code के तहत डी–बार / Suspension/Blacklist की कार्यवाही नियमानुसार की जावेगी।

5 **निविदादाता को (निविदा प्रकाशन की तिथी के पश्चात का) रू0 50 का शपथ–पत्र ऑनलाईन निविदा के साथ अपलोड करना होगा की उसे गत 3 वर्षो से (निविदा आमंत्रण तिथी तक) किसी विभाग से डी–बार, ब्लैक लिस्ट नही किया गया है अन्यथा उसकी निविदा पर विचार नही किया जायेगा।**

6 प्रत्येक निविदादाता द्वारा निविदा के साथ जी.एस.टी. पंजीयन, रजिस्ट्रेशन प्रति एवं पी.एफ. पंजीयन अथवा पी.एफ. के नियमानुसार छूट के सम्बध मे रू0 50/– शपथ पत्र की प्रति अपलोड़ करनी होगी तभी निविदा पर विचार किया जावेगा।

7 किसी भी निविदा को स्वीकार करने एवं बिना कारण बताये निरस्त करने के समस्त अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित है। निविदा मे संवेदक द्वारा प्रस्तुत दर कार्यालय द्वारा जारी वित्तीय प्रपत्र **(BOQ) में प्रतिशत के रुप में (Above/Below/BSR) दर्ज की जानी है। वित्तीय प्रपत्र में प्रस्तुत दर समस्त कर (Tax Like as Income Tax/GST/Cess/Royalty etc) सहित है। अतिरिक्त किसी प्रकार का कोई कर (Tax Like as Income Tax/GST/Cess/Royalty etc) विभाग द्वारा देय नही होगी एवं लागु कर (Tax) की कटौति कर संवेदक को भुगतान किया जावेगा।**

8 संवेदक को सिविल कार्यो के क्रियान्वन के दौरान C & D waste management rules 2016 एवं Solid waste management rules के प्रावधानो की पालन करनी होगी। इसकी पालना वास्ते 500/– रूपये के स्टाम्प पर शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा। यथा निर्माण सामग्री का ढककर परिवहन किया जाना होगा साथ ही साईट पर ढककर रखवाना होगा। डेमोलिशन वेस्ट का उचित निस्तारण किया जाना होगा। साईट पर वायु प्रदूषण को रोकने हेतु NGT/RPCB द्वारा जारी नवीनतम गाईडलाईन अनुसार समस्त उपाय करने होगें। इस सभी शर्तो की पालना न किये जाने पर नियमानुसार शास्ति लगाई जावेगी।

9 राशि 50 लाख से अधिक के कार्यो के लिए Third Party (IIT/NIT/any govt engineering college)/ विद्युत निरीक्षक द्वारा Minimum three inspection करवाने की व्यवस्था संवेदक को करनी होगी एवं समस्त हर्जा–खर्जा संवेदक द्वारा वहन किया जावेगा।

10 संवेदक को कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व, कार्य के दौरान एवं कार्य पूर्ण के फोटो (with GPS) लगाने होगें एवं साईट पर कार्य प्रारंभ करने से पूर्व कार्य का विवरण सहित 4'x3' साइज का एंगल, एम.एस. शीट का एवं 6' ऊँचाई का बोर्ड लगाना होगा जिस पर होने वाला व्यय संवेदक द्वारा वहन किया जावेगा।

11 प्रत्येक निविदा की पृथक–पृथक धरोहर राशि व निविदा शुल्क का RTGS / NEFT "Chief Executive Officer, BIDA Bhiwadi" के नाम से ऑनलाईन निविदा फार्म विक्रय / डाउनलोड एवं अपलोड करने की अन्तिम तिथि तक का ही स्वीकार्य होगा। **RTGS / NEFT के अलावा अन्य किसी माध्यम (Paytm, Phonepay, Google-pay इत्यादि) से किया गया भुगतान स्वीकार्य नही होगा।** निविदादाता को UTR NO. (UNIQUE TRANSACTION REFERENCE NUMBER) & Bank Statement की प्रमाणित प्रति भी जिसमें प्रत्येक कार्य की पृथक–पृथक अमानत राशि, निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग शुल्क (MD RISL) का भुगतान RTGS/NEFT से एवं धरोहर राशि RTGS/NEFT/BG द्वारा मुख्य कार्यकारी अधिकारी भिवाडी इंटिग्रेटेड विकास प्राधिकरण, (बीडा) भिवाडी के नाम किया जाना है। निविदा के साथ अपलोड करना होगा। (बीड़ा) भिवाडी के खाते का विवरण निम्न प्रकार से है :– **Name of Bank - ICICI BANK Branch - Genesis Mall, Bhiwadi Account No. - 349401000223 IFSC Code - ICIC0003494**

12 संवेदक द्वारा अपनी ईमेल आईडी, फोन नम्बर एवं वर्तमान पता उल्लेखित किया जावे।

13 निविदा की समस्त प्रक्रिया ऑनलाईन होगी, निविदा खोलने की तिथि को किसी कारणवश अवकाश के कारण यदि सारी निविदाए नही खोली जा सकती है तो उसके अगले कार्य दिवस को शेष निविदाए खोलने का कार्य जारी रखा जायेगा।

14 राजस्थान भवन एवं अन्य सनिर्माण कर्मकार नियम 2009 के सम्बंध में जारी अधिसूचना दिनांक 30.04.2009 के अनुसरण में बीडा द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यो के रंनिग / अन्तिम बिलों के भुगतान पर 1 प्रतिशत श्रम उपकर भी देय होगा। GST सम्बन्धी भुगतान का दायित्व संवेदक का होगा बीडा द्वारा पृथक से भुगतान नही किया जायेगा।

15 राज्य सरकार के नियमानुसार सभी संवेदको को एवं उनके अधीन कार्य करने वाले सभी श्रमिको का पंजीयन श्रम विभाग में किया जाना आवश्यक है।

16 निविदा खोलने की दिनांक से 90 दिवसों तक निविदा स्वीकृति हेतु मान्य रहेगी।

17 यदि संवेदक का नजदीकी रिश्तेदार (प्रथम रक्त सम्बन्धी व उनके पति / पत्नि) बीडा कार्यालय में किसी भी स्तर पर पदस्थापित हो तो उसको कार्य पर नियुक्त करने पर प्रतिबन्ध रहेगा।

18 राज्य सरकार क किसी भी अभियांत्रिकी विभाग में इंजिनियरिंग या प्रशासनिक कार्य पर नियुक्त राजपत्रित अधिकारी राज्य सरकार की अनुमति के बिना सेवा निवृति के 2 वर्ष तक संवेदक अथवा उसके कर्मचारी के रुप में कार्य नहीं कर सकेगें। यदि संवेदक अथवा उसके कर्मचारीयों में कोई ऐसा व्यक्ति नियुक्त है जिसने राज्य सरकार की उक्त लिखित अनुमति निविदा जमा कराने से पहले अथवा संवेदक के यहां सेवाऐ लेने से पहले नहीं ली है तो अनुबंध रद्द किया जा सकेगा।

19 राजस्थान सरकार वित्त (G&T) विभाग के Notification दिनांक 22.11.2021 के अनुसार Additional Performance Security for Unbalance Bids लागू होगी।

20 राजस्थान लोक उपापन पार्दर्शिता अधिनियम – 2012 व नियम 2013, सार्व निर्माण वित्तीय एवं लेखा नियम, आर.पी.डब्लू.ए. – 100 तथा निविदा की स्पेशल शर्ते लागू होगी तथा समय पर इसके राज्य सरकार के द्वारा लागू संशोधन मान्य होगें।

21 निविदा जमा कराने/निविदा खोले जाने /निविदा शुल्क इत्यादी जमा किया जाना अर्थात निविदा की समस्त प्रकिया ऑन लाईन होगी। निविदा प्रकिया हेतु कोई भी दस्तावेज कार्यालय मे जमा नही होगा।

22 भिवाडी इंटिग्रेटेड विकास प्राधिकरण, भिवाडी (बीड़ा) द्वारा अपलोड की गई समस्त शर्ते संवेदक को मान्य होगी।

23 निविदा हेतु (सिविल कार्यो हेतु) पात्र संवेदको की श्रेणी :–
(i) किसी भी सीमा तक : एए श्रेणी संवेदक
(ii) रुपये 1000 लाख तक : ए श्रेणी संवेदक
(iii) रुपये 500 लाख तक : बी श्रेणी संवेदक
(iv) रुपये 150 लाख तक : सी श्रेणी संवेदक
(v) रुपये 30 लाख तक : डी श्रेणी संवेदक

24 निविदा से सम्बन्धित किसी भी प्रकार का विवाद होने पर न्यायिक क्षेत्राधिकार स्थित भिवाडी सक्षम अधिकारिता वाला न्यायालय होगा।

25 यदि निविदादाता द्वारा अनुबंध की शर्तो को भंग किया जाता है, तो सक्षम अधिकारी अनुबंध को समाप्त कर सकेगा।

26 अनुबंध का पालन अनुबंधकर्ता (निविदादाता) का दायित्व है और स्थल पर के समस्त क्रियाकलायो के लिए उतरदायी होगा।

27 निविदादाता को निविदा प्रपत्र इलेक्ट्रोनिक फोरमेट मे उपरोक्त वेबसाईट पर डिजीटल साईन के साथ प्रस्तुत करना होगा। जिनके प्रस्ताव डिजीटल साईन के साथ नही होगें, उनके प्रस्ताव स्वीकार नही किये जायेगें।

28 इलेक्ट्रोनिक निविदा प्रपत्र को जमा कराने से पूर्व निविदादाता यह सुनिश्चित कर लेवे की निविदा प्रपत्र से सम्बन्धित सभी आवश्यक दस्तावेजो की स्केन कॉपी निविदा प्रपत्र के साथ अटैच कर दी गयी है।

29 कोई भी टेंडर इलेक्ट्रोनिकी जमा कराने मे किसी कारण से लेट हो जाता है तो उसका जिम्मेदार विभाग नही होगा।

30 राजस्थान लोक उपापन अधिनियम – 2012 एवं नियम 2013 के प्रावधानो के अनुसार एम.एस.एम.ई. को नियमानुसार छुट प्रदान की जावेगी।

31 लोक निर्माण वित्तीय एवं लेखा नियम – भाग – II के संशोधन अनुसार नियम –334 परिशिष्ठ – 16 के सैक्शन –7 के प्रावधानो के अनुरुप चार वर्ष से पूर्व मे रजिस्टर्ड संवेदकों का रजिस्ट्रेशन पुनर्विलोकन अनिवार्य है। अन्यथा चार वर्ष से पूर्व के रजिस्टर्ड संवेदको के सक्षम स्तर से पुनर्विलोकन के अभाव मे निविदा पर विचार नही किया जावेगा।

32 राज्य सरकार के नोटिफिकेशन F.2(3)/FD/FR/SPFC/2025दिनांक 28/08/2025 द्वारा जारी संशोधित RTPP Rule 75, Sub rule (4) के अनुसार "संवेदक को Performance Security का 50% भुगतान कार्य पूर्ण होने तथा अन्तिम बिल पारित होने पर एवं शेष 50% का भुगतान दोष निवारण अवधि पूर्ण होने पर किया जावेगा। उक्त नियम सभी कार्यो पर लागू होगें।"

अधिशाषी अभियन्ता
भिवाडी इंटीग्रेटेड विकास प्राधिकरण

क्रमांक/लेखा/निविदा/2026–27/ 1513-21/26 दिनांक 01/07/2026

प्रतिलिपि :– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1 श्रीमान निजि सहायक माननीय मिनिस्टर इन्चार्ज डी.एम.आई.सी. एवं अध्यक्ष महोदय, भिवाडी इंटिग्रेटेड विकास प्राधिकरण, जयपुर।
2 श्रीमान मुख्य कार्यकारी अधिकारी, भिवाडी इंटिग्रेटेड विकास प्राधिकरण, भिवाडी।
3 श्रीमान अधीक्षण अभियन्ता, भिवाडी इंटिग्रेटेड विकास प्राधिकरण, भिवाडी।
4 वरिष्ठ लेखाधिकारी, भिवाडी इंटिग्रेटेड विकास प्राधिकरण, भिवाडी।
5 संबधित सहायक अभियन्ता (सिविल), भिवाडी इंटिग्रेटेड विकास प्राधिकरण, भिवाडी।
6 संबधित कनि0 अभि0, भिवाडी इंटिग्रेटेड विकास प्राधिकरण, भिवाडी।
7 कैशियर/नोटिस बोर्ड, भिवाडी इंटिग्रेटेड विकास प्राधिकरण, भिवाडी।
8 प्रबन्ध निदेशक, राजस्थान सवांद सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग परिसर शासन सचिवालय, जयपुर।
9 प्रभारी अधिकारी आई.टी./सहायक प्रोग्रामर भिवाडी इंटिग्रेटेड विकास प्राधिकरण,भिवाडी (बीडा) भेजकर लेख है कि राजस्थान राज्य के परिपत्र संख्या एफ. 2(4) एमडी/ईएक्सपी – तृतीय/99 दिनांक 13.01.2005 की अनुपालनार्थ सम्बधित विभाग को ई–मेल करे। बीडा की वेबसाईट स्टेट पब्लिक प्रोक्यूमंट पोंटल की वेबसाईटhttp://sppp.raj.nic.in ई–पोंटल http://eproc.rajasthan.gov.in निविदा/सूचना अपलोड के पश्चात दिनांक की सूचना सम्बधित को उपलब्ध करावे एवं राजस्थान सवाद के माध्यम से सूचना प्रकाशक हेतु classified.samwad@gmail.com पर अपलोड किया जाना सुनिश्चित करे।

अधिशाषी अभियन्ता
भिवाडी इंटीग्रेटेड विकास प्राधिकरण